आईआईएम रांची व एनएसडीसी में समझौता ज्ञापन

रांची। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने झारखंड में आदिवासी उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए करार किया है। इसके तहत आईआईएम रांची और एनएसडीसी के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किया गया। इसके तहत छात्रों को बहु-कौशल विकास केंद्र, सिनगी देई वन विज्ञान केंद्र की योजना और रणनीति विकास प्रयासों का अंग बनाकर, उन्हें प्रासंगिक अनुभव प्रदान करने के लिए एक इंटर्नशिप डिजाइन किया गया है। मौके पर एमएसडीई के सचिव अतुल तिवारी, आईआईएम के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव मौजूद थे।

Hindustan_03.08.2023 _Pg. 08